समाचार

वृक्षमित्र अभियान

वृक्ष मित्र अभियान में वृक्षारोपण को किया प्रोत्साहित-महापौर

(शा.हा.स्कूल गोपालपुर में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने रोपित किये पौधे)

कोरबा 09 अगस्त 2017 -महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए गये वृक्ष मित्र अभियान से वृक्षारोपण को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है तथा आमजन में वृक्षों को लगाने एवं उनकी सुरक्षा व संवर्धन की दिशा में और अधिक रुचि जागृत हुई है। उन्होंने कहा कि निगम इच्छुक लोगों को निशुल्क पौधे उपलब्ध करा रहा है, परिणाम स्वरुप विभिन्न प्रजातियों के एवं फलदार पौधे आमजन को वृक्षारोपण हेतु सहजता से प्राप्त हो रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर के तत्वाधान में तथा निगम के वृक्ष मित्र अभियान के तहत वहां पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पमाला का अर्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये। इस मौके पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण तथा विद्यालयीन छात्र छात्राओं ने पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रुप से वृक्षारोपण आज की बड़ी आवश्यकता है। निगम क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाए तथा आमजन के बीच वृक्षारोपण को लेकर और अधिक रुचि पैदा हो इसके मद्देनजर नगर निगम कोरबा द्वारा वृक्ष मित्र अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम द्वारा वृक्षारोपण के इच्छुक नागरिकों एवं संस्थाओं को विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधें निःशुल्क रुप में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़े, निगम से निःशुल्क पौधे प्राप्त करें तथा इन पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लें।

कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य इस्माईल कुरैशी एवं सुनिल पटेल, पार्षद मस्तुल सिंह कंवर, विनित एक्का, समाज सेविका मंगल बुधिया, राजेंद्र सिंह ठाकुर, आशीष अग्रवाल, प्रभात सिंह कंवर, मनीराम साहू, मसीह दास कुजुर, शंकर दास महंत, रमेश दास महंत, चंद्रकांत यादव, नरेश सारथी, इतवार सिंह, अनुप सिंह, अशोक कंवर आदि सहित विद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने वृक्षारोपण किया।